पंजाब केसरी 30/08/2025

# जल ही जीवन है, इसलिए पानी बचाकर भविष्य बचाओ : डॉ. रोहित दत्त

अम्बाला, 29 अगस्त (बलराम): छावनी स्थित जी.एम.एन. कॉलेज के प्रबंधन विभाग द्वारा एस.डी.जी. चैंपियनशिप 2025 के अंतर्गत 'सेव वॉटर' विषय पर ऑनलाइन इंस्टाग्राम रील/पोस्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस गतिविधि का समन्वय गतिविधि समन्वयक डॉ. दिशा अरोड़ा ने किया। प्रतियोगिता में कुलजोत ने प्रथम स्थान, भवी ने द्वितीय स्थान और साक्षी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।



जी.एम.एन. कॉलेज में आयोजित ऑनलाइन इंस्टाग्राम रील/पोस्ट प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित करतीं समन्वयक। (चंद्रमोहन)

अपने संदेश में प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कहा कि जल ही जीवन है, इसलिए पानी बचाकर हमें अपना और आने वाली पीढ़ियों का भविष्य बचाना चाहिए। पानी केवल प्राकृतिक संसाधन ही नहीं, बल्कि जीवन का आधार है। पृथ्वी पर उपलब्ध जल का केवल 1 प्रतिशत हिस्सा ही पीने योग्य है और जनसंख्या वृद्धि, प्रदूषण एवं जलवायु परिवर्तन के कारण यह लगातार कम होता जा रहा है। यदि अभी से हम सचेत नहीं हुए तो आने वाली पीढ़ियां गंभीर जल संकट का सामना करेंगी। जल संरक्षण से न केवल मानव जीवन सुरक्षित रहेगा बल्कि कृषि, उद्योग और जैव विविधता भी संतुलित रहेगी। छोटे-छोटे प्रयास जैसे नल बंद रखना, वर्षा जल संचयन करना और पानी की बर्बादी रोकना, बड़े बदलाव ला सकते हैं। उन्होंने प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि जल बचाना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है और ऐसे प्रयास युवाओं को सतत विकास लक्ष्यों की दिशा में प्रेरित करते हैं।

कॉलेज की एस.डी.जी. समन्वयक डा. अमिता ने भी विद्यार्थियों की रचनात्मकता की सराहना की और सभी को जल संरक्षण की दिशा में निरंतर योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों को जल संरक्षण के महत्व के प्रति जागरूक करना तथा डिजिटल माध्यम से समाज तक यह संदेश पहुंचाना था।